**प्रेस नोट**
**दिनांक 28.09.2025**
**जनपद गोण्डा।**

**मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा शहरीय क्षेत्र का भ्रमण कर दुर्गा पूजा पांडालों का निरीक्षण कर महिलाओं व बालिकाओं को वितरित किए गए सुरक्षा संबंधी पंपलेट-**

**शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व सम्पन्न कराने हेतु आयोजकों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश**

गोण्डा। आज दिनांक 28.09.2025 को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा कोतवाली नगर क्षेत्र के जय माता दी सेवक संघ दुर्गा पूजा पंडाल (जय नारायण चौराहा), रानी बाजार एवं अन्य शहरीय स्थलों का भ्रमण कर दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया गया। जहां महोदय द्वारा उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जागरूकता हेतु पंपलेट वितरण किया गया, जिसमें महिला हेल्पलाइन नंबर-1090, आपातकालीन नंबर-112, चिकित्सा सहायता नंबर-108, महिला सुरक्षा हेल्प डेस्क एवं अन्य पुलिस सेवाओं के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही आयोजकों से वार्ता कर शासन/प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइनों से अवगत कराया गया तथा सभी से आपसी भाईचारा, शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखते हुए परंपरागत ढंग से त्योहार मनाने की अपील की गई। त्योहार के दृष्टिगत गोण्डा पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। समस्त कार्यक्रम स्थलों व विसर्जन/जुलूस मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय कर दिया गया है तथा महत्वपूर्ण व संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। साथ ही आवागमन मार्गों, धार्मिक स्थलों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों के आसपास पर्याप्त संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। सोशल मीडिया सेल द्वारा भी ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सएप ग्रुपों सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर निरंतर निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा भ्रामक सूचना प्रसारित किए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, पीआरओ पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 28.09.2025**

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत जनपदीय एण्टीरोमियों स्क्वायड टीमों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरूक, फीडबैक फार्म भरवाकर चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में शोहदों/मंचलों दिए गए रेडकार्ड-

गोण्डा। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिला एवं बालिका सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ बनाने हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद के राजपत्रित अधिकारी व एण्टी रोमियों स्क्वायड टीमों द्वारा आज विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए। इस दौरान टीमों ने गांवों, कस्बों, स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर स्थानीय महिलाओं एवं बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया।

कार्यक्रम में टीमों ने महिलाओं/बालिकाओ को महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपाय, और कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। मिशन शक्ति की महिला पुलिसकर्मियों ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं से उनकी व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याओं के बारे में जानकारी ली और आने-जाने के दौरान होने वाली संभावित परेशानियों पर सुझाव भी प्राप्त किए तथा फीडबैक फार्म भरवाकर हॉटस्पॉट क्षेत्रों को चिन्हित किया गया साथ ही महिलाओं को भरोसा दिलाया गया कि गोण्डा पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा एवं सहयोग के लिए उपलब्ध है साथ ही एण्टीरोमियों स्क्वायड टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को शासन द्वारा जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में विस्तार से बताया गया, जिनका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है-

**112- पुलिस आपातकालीन सेवा**
**1090- वूमेन पावर हेल्पलाइन**
**1076- माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन**
**108- एंबुलेंस सेवा**
**1930- साइबर अपराध हेल्पलाइन**
**1098- चाइल्ड हेल्पलाइन**
**102- स्वास्थ्य सेवा**

इसके साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों, जैसे अज्ञात कॉल या संदेशों पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करना, बैंक संबंधी धोखाधड़ी से बचाव, और सोशल मीडिया पर गोपनीयता बनाए रखने के तरीकों की जानकारी दी गई। टीमों द्वारा यह भी बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य न केवल महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करना है, बल्कि उन्हें आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना भी है, ताकि वे हर परिस्थिति में अपने अधिकारों की रक्षा कर सकें। एण्टीरोमियों स्क्वायड टीमों द्वारा जनपद के चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की गई तथा शोहदों/मनचलों को रेड कार्ड जारी कर सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में इस प्रकार की कोई भी हरकत दोहराने पर उनके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा एण्टी-रोमियो स्क्वायड की कार्यवाही के क्रम में शोहदों/मनचलों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि "महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की हरकत दोहराता है तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही करते हुए कठोर दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे।"**

**मीडिया सेल,गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक: 28.09.2025**
**जनपद गोण्डा।**

## थाना मनकापुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत 02 शोहदों को किया गया गिरफ्तार–

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मनकापुर श्री उदित नारायण पालीवाल के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 28.09.2025 को थाना मनकापुर की मिशन शक्ति टीम प्रभारी उपनिरीक्षक महिमा तिवारी द्वारा मिशन शक्ति जागरुकता कार्यक्रम के दौरान आईटीआई मनकापुर तिराहा एवं रेलवे स्टेशन मनकापुर तिराहा पर कार्यवाही करते हुए 02 शोहदों को गिरफ्तार किया गया।

## घटना का संक्षिप्त विवरण-

आज दिनांक 28.09.2025 को थाना मनकापुर की मिशन शक्ति टीम प्रभारी उपनिरीक्षक महिमा तिवारी मय हमराह मिशन शक्ति जागरुकता कार्यक्रम हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थीं, तभी सूचना प्राप्त हुई कि कुछ युवक छात्राओं व महिलाओं को देखकर जोर-जोर से अश्लील गाने गा रहे हैं तथा इशारे कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मिशन शक्ति टीम द्वारा मौके से दो अभियुक्तों 01. मोहित वर्मा पुत्र प्रेमचंद वर्मा व 02. रोहन वर्मा पुत्र बाबूराम वर्मा को गिरफ्तार कर थाना मनकापुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पंजीकृत अभियोग व गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1. मु0अ0सं0 429/25 धारा 296 बी0एन0एस0 - मोहित वर्मा पुत्र प्रेमचंद वर्मा निवासी ग्राम मद्दोभट्ठा थाना सादुल्लानगर जनपद बलरामपुर।
2. मु0अ0सं0 430/25 धारा 296 बी0एन0एस0 - रोहन वर्मा पुत्र बाबूराम वर्मा निवासी ग्राम विलरहवा पोस्ट हुसैनावाद थाना सादुल्लानगर जनपद बलरामपुर।

## गिरफ्तारकर्ता टीम-

1. म0उ0नि0 महिमा तिवारी
2. आ0 रवि सिंह
3. म0आ0 लक्ष्मी
4. म0आ0 रोशनी त्रिवेदी

## हेल्पलाइन नंबर (उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त)

- 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा
- 1090 – वूमेन पावर हेल्पलाइन
- 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
- 108 – एंबुलेंस सेवा
- 1930 – साइबर अपराध हेल्पलाइन
- 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन
- 102 – स्वास्थ्य सेवा

**गोण्डा पुलिस आमजन को आश्वस्त करती है कि महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है । इस प्रकार की छेड़खानी/अश्लील हरकतें करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी । समाज में अशांति व असुरक्षा फैलाने वाले व्यक्तियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**